प्रेषक,

सचिव,
उ0प्र0, बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज ।

सेवा में,

समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक बे0शि0प0/ 19684-89 /2025-26, दिनांक 31-12-2025

विषय–उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों/मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में वर्ष 2026 में दिये जाने वाले अवकाशों की तालिका का प्रेषण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में वर्ष 2026 में दिये जाने वाले अवकाशों की तालिका के सम्बन्ध में है।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दिनांक 01 जनवरी 2026 से दिनांक 31 दिसम्बर 2026 तक दिये जाने वाले अवकाश की तालिका निम्नवत है–

क0 सं0	अवकाश का नाम	दिनो की संख्या	तिथियां	दिनों के नाम
1	हजरत अली का जन्म दिवस	1	03 जनवरी 2026	शनिवार
2	मकर संक्रान्ति	1	14 जनवरी 2026	बुद्धवार
3	बसंत पंचमी	1	23 जनवरी 2026	शुक्रवार
4	गणतन्त्र दिवस	1	26 जनवरी 2026	सोमवार
5	संत रविदास जयन्ती	1	01 फरवरी 2026	रविवार
6	महाशिवरात्रि	1	15 फरवरी 2026	रविवार
7	होलिका दहन	1	02 मार्च 2026	सोमवार
8	होली	1	04 मार्च 2026	बुद्धवार
9	ईद–उल–फितर	1	21 मार्च 2026	शनिवार
10	रामनवमी	1	26 मार्च 2026	गुरूवार
11	महावीर जयंती	1	31 मार्च 2026	मगलवार
12	गुड फ्राइडे	1	03 अप्रैल 2026	शुक्रवार
13	डा0 भीमराव अम्बेडकर जन्म दिवस	1	14 अप्रैल 2026	मगलवार
14	बुद्ध पूर्णिमा	1	1 मई 2026	शुक्रवार
15	ईदुज्जुहा (बकरीद)	1	27 मई 2026	बुद्धवार
16	मोहर्रम	1	26 जून 2026	शुक्रवार
17	चेहल्लुम	1	04 अगस्त 2026	मंगलवार
18	स्ववतंत्रता दिवस	1	15 अगस्त 2026	शनिवार
19	ईद–ए–मिलाद/बारावफात	1	26 अगस्त 2026	बुद्धवार
20	रक्षाबंधन	1	28 अगस्त 2026	शुक्रवार
21	जन्माष्टमी	1	04 सितम्बर 2026	शुक्रवार
22	विश्वकर्मा पूजा	1	17 सितम्बर 2026	गुरूवार
23	अनन्त चतुर्दशी	1	25 सितम्बर 2026	शुक्रवार
24	महत्मा गांधी जन्मदिवस	1	02 अक्टूबर 2026	शुक्रवार
25	दशहरा (महा नवमी)/(विजय दशमी)	1	20 अक्टूबर 2026	मंगलवार
26	महर्षि वाल्मीकि जयन्ती	1	26 अक्टूबर 2026	सोमवार
27	सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस एवं आचार्य नरेन्द्र देव जयंती	1	31 अक्टूबर 2026	शनिवार
28	नरक चतुर्दशी/दीपावली	1	08 नवम्बर 2026	रविवार
29	गोवर्द्धन पूजा	1	09 नवम्बर 2026	सोमवार
30	भैया दूज/चित्रगुप्त जयन्ती	1	11 नवम्बर 2026	बुद्धवार
31	छठ पूजा पर्व	1	15 नवम्बर 2026	रविवार
32	गुरूनानक जयन्ती/कार्तिक पूर्णिमा/गुरु तेगबहादुर शहीद दिवस	1	24 नवम्बर 2026	मंगलवार

Scanned with OKEN Scanner

33	क्रिसमस डे	1	25 दिसम्बर 2026	शुक्रवार

1– उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में तालिका में अंकित अवकाश देय होंगे।

2– प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय हेतु कक्षा 1 से 5 तथा कक्षा 6 से 8 में पढ़ाई के घंटे निम्नवत निर्धारित है :–

शैक्षणिक समय	01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक प्रातः 08 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक, (प्रार्थना सभा/योगाभ्यास प्रातः 08 बजे से 08:15 तक) एवं 01 अक्टूबर से 31 मार्च तक प्रातः 09 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक (प्रार्थना सभा/योगाभ्यास प्रातः 09 बजे से 09:15 तक) संचालित होगी।	ग्रीष्मकाल में मध्यावकाश अपरान्ह 10:30 बजे से 11:00 बजे तक एवं शीतकाल में मध्यावकाश अपरान्ह 12 बजे से 12:30 बजे तक होगा।

3– जिलाधिकारी द्वारा अनुमन्य अवकाश देय होंगे।

4– मुस्लिम त्यौहार चन्द्र दर्शन के अनुसार मानायें जायेंगे।

5– हरि तालिका तीज अथवा हरियाली तीज ,करवा चौथ, संकठा चतुर्थी एवं हलषष्ठी/ललई छठ, जीउतिया व्रत/अहोई अष्टमी का अवकाश शिक्षिकाओं एवं पितृ–विसर्जन का अवकाश शिक्षक/शिक्षिकाओं को देय होगा।

6– ग्रीष्मावकाश 20 मई से 15 जून तक।

7– शीतकालीन अवकाश 31 दिसम्बर से 14 जनवरी तक।

8– ग्रीष्मकाल एवं शीतकाल में मौसम परिवर्तन के दृष्टिगत सक्षम प्राधिकारी द्वारा विद्यालय संचालन के समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत निर्धारित शैक्षिक घण्टों में कमी न होने के दृष्टिगत किया जायेगा।

9– राष्ट्रीय पर्वो पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

10– महापुरुषों के साथ–साथ देश के स्वाधीनता आन्दोलन के क्रान्तिकारियों एवं प्रसिद्ध समाज सुधारकों आदि के जन्म दिवस पर विद्यालयों में उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा उनके जीवन के सम्बद्ध में छात्र छात्राओं को बताया जायेगा।

उपर्युक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार तिवारी),
सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।
31.12.25

पृ0सं0बे0शि0प0/ 19634–89 /2025–26 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2– शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3– अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक/माध्यमिक) प्रयागराज।
4– वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज।
5– मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल उत्तर प्रदेश।
6– अध्यक्ष (समस्त मान्यता प्राप्त) शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(सुरेन्द्र कुमार तिवारी),
सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।
31.12.25

Scanned with OKEN Scanner